जयपुर क्राइम

खाता हैक कर अमरीका में निकाले 1.20 लाख रुपए

जयपुर एमएनसी के कर्मचारी का बैंक खाता हैक कर एक हैकर ने अमरीका में करीब 1.20 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर गुरुवार पुलिस ने मुकदमा नहीं की तो उसने कमिश्नर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि सीविल लाइंस के बाशिंदे श्याम निवासी रॉय खंडेलवाल का निजी बैंक में खाता है। वह गुरुग्राम स्थित एमएनसी में कार्यरत है। कंपनी के काम के सिलसिले में उसका विदेश आना-जाना रहता है। इस कारण रॉय ने इंटरनेशनल एटीएम कार्ड बनवा रखा है। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल में खाते से 1,777 डॉलर (1 लाख 20 हजार रु.) निकालने का मैसेज आया। जांच में पता चला कि हैकर ने अमेरिका में यह रकम निकाली है।

घर से मां-पत्नी को निकाल लगाया फंदा

जयपुर प्रताप नगर सेक्टर-5 में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति ने मां-पत्नी को बंधक बनाकर कमरे से बाहर निकाला और बाद में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 निवासी सुधीर जैन (43) रिंग के साथ कपड़े की दुकान पर बैठता था। शराब पीने की वजह से मंगलवार सुबह उसका मां और पत्नी से झगड़ा हो गया। गुस्से में सुधीर ने दोनों को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया और अंदर से कमरा बंद कर लिया। काफी देर बाद जब मां व पत्नी ने खिड़की से कमरे में झांक कर देखा तो सुधीर पंखे से लटका हुआ था। महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी जब हो गए।

चीरा लगा बैग से निकाले 50 हजार

जयपुर चिड़ी बाग में जेकरट ने महिला के बैग में चीरा लगाकर 50 हजार रुपए पार कर दिए। जब पीड़िता बस से उतरी तो वारदात की जानकारी हुई। मालवीयनगर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र की गंगा विहार कॉलोनी निवासी कमलेश कंवर का कहना है कि बाजार जाने के लिए वह बस में बैठी थी। तेज भीड़-एक स्थान पहेंचता पर किसी ने भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर बैग में चीरा लगाकर 50 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

जयपुर कलपुर्जा इलाके में ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नेपाल निवासी रिपरेहतु मगर जयपुर में मकदना जा रहा था। कलकपुरा फाटक के पास वह ट्रेन से नीचे गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। पुलिस उसे गंभीर हालत में कांकरोया अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नियमितीकरण के लिए प्रदर्शन

जयपुर. अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की ओर से सविदा पर लगे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। महासंघ जिलाध्यक्ष भंवरलाल पुरोहित ने बताया कि पूर्व में अलग-अलग विभागों में कार्यरत संविदा कार्मिकों को प्रबोधन बनाकर व नर्सिंगकर्मियों को वालीन केडर बनाकर नियमित किया गया था। उसी प्रकार एनआरएचएम में कार्यरत कार्मिकों को नियमित किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के बाद महासंघ के शिष्टमंडल ने विधानसभा जाकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी से वार्ता की। परनामी ने आश्वासन दिया कि नियमितिकरण के संबंध में स्थानीय मंत्री से वार्ता हो चुकी है और जल्द ही वंचित एनआरएचएम कार्मिकों को नियमित किया जाएगा।

बाइक नंबर फर्जी, लुटेरे पकड़ से दूर

लूट प्रकरण : आरटीओ में नहीं मिला रिकॉर्ड

आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद कर रास्ता किया जाम

जयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

निवारू रोड में सरे बाजार आभूषण व्यापारी को गोली मारकर लुटने वाले लुटेरों की तलाश उनके हुलिए से जयादा बाइक पर टिक गई। पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा दुकानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर बाइक के नंबर पता किए। लेकिन, वह नंबर फर्जी निकले। आरटीओ में इसकी तस्दीक कराने पर पता चला कि इन नंबरों का कोई वाहन ही नहीं है। वहीं, वारदात की रात कालवाड़ रोड पर मदीना कॉलोनी में लावारिस मिली बाइक भी चोरी की निकली। यह मालवीय नगर से चोरी हुई थी। उधर, घटना से आक्रोशित स्थानीय व्यापारियों ने बाजार बंद कर जाम लगाया। शाम को पुलिस आयुक्त संजय अग्रवाल भी झोटवाड़ा थाने पहुंचे और जानकारी ली।

सड़क पर डटे लोग

मंगलवार को व्यापारी और लोग सुबह से ही बाजार में इकट्ठा हो गए। उन्होंने निवारू रोड जाम कर दिया। व्यापार मंडल के महासचिव किशनकुमार गर्ग का कहना है कि पुलिस को वीडियो फुटेज अगले दिन ही मुहैया करवा दिए थे। लेकिन लुटेरों को नहीं पकड़ा जा सका। शाम चार बजे तक बाजार बंद रहा और लोग सड़क पर डटे रहे तो उपायुक्त से लेकर थानाधिकारी तक पहुंचे।

मालवीय नगर में भी बंद रहा बाजार

उधर, मालवीय नगर के सेक्टर-1 में ज्वैलर की दुकान में हुई वारदात से गुस्साए व्यापारियों ने बाजार बंद रखा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तब शाम को बाजार खुला।

रास्ता जाम कर रहे व्यापारियों को समझाती पुलिस।

सात अमानक दवाओं के बैच पर प्रतिबंध

जयपुर औषधि नियंत्रण संगठन की ओर से जांच में अमानक पाई गई सात दवाओं के बैच की बिक्री व संधारण पर रोक लगा दी है। इनमें आफ फार्मास्यूटिकल्स (रुड़की, हरिद्वार) की रेक्फरांजोल टेबलेट बैच संख्या एफटी-जी 135, किम हेल्थकेयर (रुड़की, हरिद्वार) की बेटामेथासन सोडियम फास्फेट टेबलेट बैच संख्या 5620, मार्टिन एंड ब्राउन बायोसाइंसेज (सोलन, हिमाचल प्रदेश) की बेटामेथासन सेडियम फास्फेट टेबलेट बैच संख्या एमटी-14जे 30, इसकॉन सर्जिकल्स (जोधपुर) की स्टेरलइ हाइपोडर्मिक सिरिंज बीथ निडिल बैच आरपी 3744, एसबीएल प्रा. लि. (हरिद्वार) की निमसोसाइड टेबलेट बैच संख्या एचटी-140482 एवं जेथीएस फार्मा (दिल्ली) की फेनानील डीएस बैच नंबर जेएस 48 को अमानक घोषित किया है।

अब एप में वकीलों के नंबर

जयपुर @ पत्रिका. अदालत में किसी अधिवक्ता का नाम और नंबर ढूंढना हो तो कोर्ट परिसर तक नहीं दौड़ना पड़ेगा। मोबाइल एप पर ही यह जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। मंगलवार को हाईकोर्ट जज मोहा शर्मा, मनीष भंडारी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने द बार एसोसिएशन के अधिवक्तओं की डिजिटल डायरेक्टरी एप का लोकार्पण किया।

तस्कर की दिल्ली से पैरवी, राहत नहीं

जयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

लुप्तप्राय श्रेणी में रखे गए वन्य जीव गैंडे की सींग की तस्करी करने वाले आरोपित की जमानत याचिका की पैरवी के लिए दिल्ली से अधिवक्ता जयपुर पहुंचे।

कोर्ट में बहस हुई, लेकिन रेलवे कोर्ट की लिंक जज मीना अवस्थी ने अन्वेषण प्रभावित होने की संभावना के साथ जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपित झारखंड निवासी शंकर साव को जीआरपी ने गत माह गैंडे की सींग के साथ स्टेशन पर पकड़ा था। आरोपित पक्ष ने याचिका के साथ ही पुलिस से गिरफ्तारी के वक्त की सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की कॉल रिकॉर्ड को कोर्ट में पेश करने की अर्जी लगाई थी। रेलवे कोर्ट के लोक अभियोजक महेंद्र सिंह ने जमानत का लाभ दिए जाने पर सबूतों को खुर्द-बुर्द किए जाने की आशंका के साथ इसका विरोध किया।

आबकारी अफसरों पर हो कार्रवाई

बिना सूचना दुकान की जगह बदलने का मामला

जयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

हाईकोर्ट ने लाइसेंसधारी को सूचना दिए बिना ही उसकी दुकान की जगह बदलने के मामले में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, लाइसेंसधारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी रद्द कर दिया है। न्यायाधीश बनवारीलाल शर्मा ने राहुल की याचिका पर यह आदेश दिया। प्रार्थीपक्ष की ओर से कहा गया कि अलवर के भोकर गांव में उसकी दुकान थी, जिसे जांडिया में स्थानांतरित करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। अधिकारियों ने इस आग्रह को स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे इसकी सूचना ही नहीं दी और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने उसके खिलाफ अनुमति वाले स्थान के बजाय अन्य स्थान पर दुकान चलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की। कोर्ट ने कहा कि इन अधिकारियों के कारण याचिकाकर्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा और उसके व्यावसायिक हितों को भी नुकसान हुआ।

कारोबारी ने ही रचा था लूट का ड्रामा

पुलिस ने गुत्थी सुलझाई, छह सवालों से खुला राज

जयपुर/विद्याधरपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

शिवदासपुरा के जिरोता मोड़ पर शराब कारोबारी से 13 लाख रुपए की लूट फर्जी निकली। कर्ज चुकाने से बचने के लिए उसने झूठी लूट की कहानी बनाई थी।

इतना ही नहीं उसने योजना के तहत अपना मोबाइल स्विच ऑफ भी कर दिया था। पुलिस की छानबीन और सवालों के आगे वह टूट गया और अपराध कबूल कर लिया। गौरतलब है कि नाथूलाल मीणा ने सोमवार दोपहर पुलिस को जिरोता मोड़ पर मारपीट कर 13 लाख रुपए की लूट की सूचना दी थी। उसने बताया था कि कार सवार युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने जब गांव से लेकर घटनास्थल तक जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे मिले, वहां की फुटेज देखी लेकिन कहीं भी बिना नंबर की कार नहीं मिली।

छह सवाल से फर्जी लूट का पर्दा उठ गया। पुलिस ने घटना स्थल, उसकी मांगी पट्टी, खोने की चेन, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल की कॉल डिटेल, परिजन से बात और उगाही की रकम के बारे में वह बार-बार बयान बदल रहा था।

दर्ज होगा अमानक बीज विक्रेताओं पर मामला

जयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

कृषि विभाग अमानक बीज विक्रेताओं के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज कराने के साथ ही उनके लाइसेंस भी निरस्त करेगा। यह निर्देश मंगलवार को कृषि विभाग के सचिव नीरज के पवन ने विभागीय समीक्षा में दिए। उन्होंने कहा कि खराब बीच बेचने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही लाइसेंस भी निरस्त किए जाएं। पंत कृषि भवन में आयोजित बैठक में खरीफ सीजन में बीज और खाद की आपूर्ति को लेकर समीक्षा की गई। पवन ने कहा कि किसानों को उत्तम गुणवत्ता का बीज मिले इस पर निगरानी रखना विभाग का काम है। राज्य बीज निगम को कहा है कि निगम से अनुबंधित डीलर अमानक बीज बेचते पकड़े जाएं तो उनकी अनुबंधता समाप्त कर दी जाए। साथ ही उन्होंने निगम के बीज उत्पादक किसानों की जिओ टैगिंग कराने, बीज विधायन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा। बैठक में राजस्थान राज्य बीज निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा और माहाप्रबंधक वाशपाल महावत सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

बैद बने बोर्ड चेयरमैन

जयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

फिल्म वितरकों एवं प्रदर्शकों की संस्था सेन्ट्रल सर्किट सिने एसोसिएशन ने नरेन्द्र सिंह बैद को लगातार तीसरी बार डिस्पूट सेटेलमेंट बोर्ड का राजस्थान अंचल का चेयरमैन बनाया है। बोर्ड में बैद के अलावा 6 अन्य सदस्य भी मनोनीत किए गए है।

गुमशुदा

दिया ग्रमवारी

आयु - 22 वर्ष

कद-5 फुट,

रंग-गोरा,

पहनावा-पजामी

दि. 27.12.2015 से लापता, कोई क्लू हो तो लापता है

9928322854/0744-2350784

आपका ट्रैक्टर का अपना AgriStar रोटो टिलर

बचत का बादशाह

•चले ज्यादा •बचत ज्यादा •कमाई ज्यादा

•मजबूत गियर/रनिंग शाफ्ट

•HD गेयर ड्राइव •ब्लेड फ्लेट एडजस्टेबल ब्लेड

•मोटी के मुकाबले प्रति घंटे 15% कम डीजल खपत

•शाफ्ट टाकनेब डाली बेयरिंग जो चले 50% तक ज्यादा

•मिट्टी की बेहतर जुताई, अच्छी बचत

फ्री बिल कॉल करें 09098665533

आपका ट्रैक्टर डीलरशिप पर आपका स्वागत है

Glocera

THINK LUXURY · THINK GLOBAL

Global Ceramics Pvt. Ltd.

PROUDLY ANNOUNCE

Entering in to Gas Supply Agreement for our Upcoming Manufacturing Unit for sanitary ware products in Ghiloth ceramic zone on 2nd March 2016

with

RAJASTHAN STATE GAS LIMITED

राजस्थान राज्य गैस लिमिटेड

Committed for the Industrial Revolution with

RIICO

GROW WITH RAJASTHAN

Industrial Area, Ghiloth

Under Make in Rajasthan Programme

Natural Gas...

Our Preferred Choice for Green and Bright Future

Glocera RIICO

NH Narayana Multispeciality Hospital Sanganer Jaipur

Unit of Narayana Health

आपके स्वास्थ्य से है आपके परिवार की खुशियाँ

अब सैंपल कलैक्शन आपके घर से

PREVENTIVE HEALTH PACKAGES AT HOME

HEALTH AWARENESS PACKAGE ₹ 1650

Complete Blood Count, ESR, Urine Routine, Serum Calcium, Fasting Blood Sugar, Lipid Profile (Total Cholesterol, HDL Cholesterol, LDL Cholesterol, VLDL Cholesterol, Triglycerides), BUN, Creatinine, Uric Acid, Bilirubin Direct, Bilirubin Indirect & Bilirubin Total, SGPT, SGOT, HBsAG, T3, T4, TSH

HEALTH AWARENESS PLUS PACKAGE ₹ 2650

Complete Blood Count, ESR, Urine Routine, Serum Calcium, Fasting Blood Sugar, Lipid Profile (Total Cholesterol, HDL Cholesterol, LDL Cholesterol, VLDL Cholesterol, Triglycerides), BUN, Creatinine, Uric acid, Bilirubin Direct, Bilirubin Indirect & Bilirubin Total, SGPT, SGOT, HBsAG, T3, T4, TSH, 25-Hydroxy Vitamin D, Vitamin B12, HbA1c

STRONG DAD PACKAGE ₹ 890

Complete Blood Count, Urine RE, TSH, Blood Sugar (Fasting), Cholesterol Total, BUN, Creatinine, Calcium, Bilirubin Total, SGOT, SGPT

STRONG MOM PACKAGE ₹ 890

Complete Blood Count, Urine RE, TSH, Blood Sugar (Fasting), Cholesterol Total, BUN, Creatinine, Calcium, Bilirubin Total, SGOT, SGPT

HEALTHY GRANDPA PACKAGE ₹ 1440

Complete Blood Count, ESR, Urine RE, Blood Sugar (Fasting), Lipid Profile, Creatinine, Calcium, PSA, RA Factor, Uric acid, SGOT, SGPT

HEALTHY GRANDMA PACKAGE ₹ 1340

Complete Blood Count, ESR, Urine RE, Blood Sugar (Fasting), Lipid Profile, Creatinine, Calcium, Phosphorus, RA Factor, SGOT, SGPT, TSH

ARTHRITIS PACKAGE ₹ 999

Complete Blood Count, ESR, Blood Sugar Random, CRP, Uric Acid, Rheumatoid Factor, S.Creatinine, S.Calcium, Alkline Phosphatase (ALP)

Sunday Health check-up only at Hospital

CELEBRATION HEALTH ₹ 2222

Complete Blood Count, B.Sugar F &PP, Lipid Profile, ESR, ABoRh, Urea, Urine R/E, S.Creatinine, Uric Acid, SGOT, SGPT, Pap Smear (For Female) or PSA for male, Alk.Phosphatase, X-Ray Chest, S.TSH,ECG,USG Whole Addomen, TMT or 2DEcho., Physician Consultation.

Applicable only for groups of minimum 10 people.

• Free Home visit only in Jaipur City *
• Free Physician Consultation will be provided at Hospital on Home Preventive Health packages (Valid for 5 working days post sample collection, not weekends).
• 50 % Discount on any three additional consultations of super specialty doctors. (valid for 5 working days post sample collection).
• Celebration health check will be offered on Sundays at hospital with prior appointment only.

For Sample Collection call

9 am to 5 pm - 8696950077

5 pm to 8 am - 0141-7122222

Services powered by Portea.

NH Helpline 0141 7122222

नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल

सै.-28, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर- 302033

• www.narayanahealth.org • info.jpr@nhhospitals.org